**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**21.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने निर्धारित शत–प्रतिशत लक्ष्य किया हासिल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– सराज विधानसभा क्षेत्र में मॉनसून से हुई भारी तबाही–बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करना ज़रूरी।
- प्रदेश में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त– 3 राष्ट्रीय राजमार्गों समेत करीब 4 सौ सड़कें बंद।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर जताई चिंता– केंद्र से सख्त नीति बनाने की मांग की।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरा विश्व भारत की सैन्य शक्ति का साक्षी बना है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत हासिल किया गया है। संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के आकाओं को उनके ठिकानों में ही ध्वस्त कर दिया गया।

***पहलगाम की क्रूर हत्याा, अत्या चार, नरसंहार पूरी दुनिया चौक उठी थी। आतंकवादी और आतंकवादी के आके दुनिया का ध्यानि उनकी तरफ केन्द्रित हुआ और उस समय दलहित छोड़ करके देशहित में हमारे ज्यारदातर दलों के प्रतिनिधि, ज्याआदातर राज्यों के प्रतिनिधि ने विश्वा भ्रमण किया। दुनिया के अनेक देशों में गए और एक स्वंर से दुनिया के सामने आतंकवादियों का आका पाकिस्ताकन को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया।***

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मौजूदा मौसम की स्थिति के दृष्टिगत अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला से सभी उपायुक्तों से दूरभाष के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में लगातार

हो रही मूसलाधार बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने भूस्खलन, बाधित सड़कों और बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थितियों में समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच समन्वय के महत्त्व पर भी बल दिया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आवश्यक सेवाओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मंडी ज़िला में मॉनसून ने भारी तबाही मचाई है और आपदा के 20 दिन बाद भी सिराज विधानसभा क्षेत्र में लोग अस्थायी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। आपदा प्रभावित सिराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के बाद आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल योजनाएं और सड़कें अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस गति से सरकार की तरफ से राहत व पुनर्वास कार्य होने चाहिए थे, वो नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने की ज़रूरत पर बल दिया।

**स्वास्थ्य सेवा**

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 6 सौ 6 करोड़ 70 लाख रुपये खर्च करेगी, जिनमें से 2 सौ 7 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डायग्नोस्टिक सेवाओं को सुदृढ़ करने पर खर्च होंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने ये जानकारी दी है।

**मौसम**

प्रदेश में बीती रात से लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के चलते जगह–जगह हुए भूस्खलन से 3 राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 3 सौ 98 सड़कें बंद हो गई हैं और 6 सौ 82 बिजली ट्रांसफार्मर, जबकि एक सौ 51 पेयजल योजनाएं भी बंद हैं। जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पिति के काज़ा उपमंडल में भारी वर्षा, ओलावृष्टि व फ्लैश फ्लड की घटनाओं से किसानों की लगभग 90 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई है। किन्नौर ज़िला के टापरी में फ्लैश फ्लड की घटना से राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 रूनंग नाला के पास और कुल्लू ज़िला में बंजार–आनी राष्ट्रीय उच्च मार्ग–305 भी खनाग से आगे जबकि पांवटा साहिब में शिलाई राष्ट्रीय उच्च मार्ग भी आवाजाही के लिए बंद है। खराब मौसम के चलते किन्नौर ज़िला की प्रसिद्ध किन्नर कैलाश यात्रा को आगामी आदेशों तक रोक दिया गया है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य में आगामी 24 घंटों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जबकि 23 से 27 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी किया गया है।

***20 जुलाई की देर रात से और 24 जुलाई तक पूरे प्रदेश में ही बारिश होने की संभावना है। और सिवाय डिस्ट्रिक्ट लाहौल स्पीति और किन्नौर के और जो बाकी डिस्ट्रिक्ट हैं वहां पे संभावना ये है कि एक दो स्थानों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है और 21 जुलाई को संभावना है कि डिस्ट्रिक्ट शिमला,सोलन, सिरमौर, मंडी और जो कांगड़ा है, इन डिस्ट्रिक्ट्स में 21 और 22 जुलाई के दौरान हेवी तो वेरी हेवी रेन हो सकती है। इसी को देखते हुए अभी इन्हीं डिस्ट्रिक्ट्स में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जो बाकी डिस्ट्रिक्ट हैं उना, बिलासपुर, हमीरपुर है, यहां पे येलो अलर्ट जारी किया है।***

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हिमाचल प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर चिंता जताई है। संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन उन्होंने आज सदन में युवाओं में बढ़ती नशे की आदत और इसके प्रभावों का विषय उठाया। सिकंदर कुमार ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन और नशीली दवाओं की तस्करी एक गंभीर समस्या बन गई है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने और इस समस्या के निदान के लिए सख्त नीति व कड़े कानूनी प्रावधान करने की मांग की। इस बीच सांसद सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी.किशन रेड्डी ने बताया कि राज्य सरकारों को अवैध खनन, ढुलाई व भंडारण को रोकने और उनसे संबंधित मामलों के लिए नियम बनाने का अधिकार दिया गया है।

## एनआईटी हमीरपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एन.आई.टी. हमीरपुर को पहली बार अमेरिकी पेटेंट प्राप्त हुआ है। ये पेटेंट संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियंत्रण विभाग की एक उत्कृष्ट शोध परियोजना को प्रदान किया गया है। संस्थान की एसोसिएट प्रोफैसर डॉक्टर गार्गी खन्ना ने बताया कि ये पेटेंट अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सहयोग से संभव हो पाया है, जिससे इसके शोध की गुणवत्ता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। संस्थान के निदेशक प्रोफैसर हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी ने कहा कि ये उपलब्धि संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

## केंद्रीय दल

कुल्लू ज़िला में मौजूदा मॉनसून के दौरान बादल फटने, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन की घटनाओं से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर मंत्रालय केंद्रीय दल आज कुल्लू पहुंचा। चार सदस्यीय केंद्रीय दल ने कुल्लू में ज़िला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने केंद्रीय दल को ज़िले में हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी दी।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने निर्धारित शत–प्रतिशत लक्ष्य किया हासिल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– सराज विधानसभा क्षेत्र में मॉनसून से हुई भारी तबाही– बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करना ज़रूरी।
- प्रदेश में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त– 3 राष्ट्रीय राजमार्गों समेत करीब 4 सौ सड़कें बंद।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर जताई चिंता– केंद्र से सख्त नीति बनाने की मांग की।

---